उत्तराखंड में स्थापित होगा 100 बेड क्षमता का आयुष ग्राम

चर्चा में क्यों?

18 सितंबर, 2022 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति और निवेश को बढ़ावा देने के लिये 100 बेड क्षमता का आयुष ग्राम स्थापित किया जाएगा। इसके लिये केरल की आर्य वैद्यशाला ने सहमति जताते हुए आयुर्वेद विश्वविद्यालय के साथ एमओयू करने की बात कही।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि उत्तराखंड को आयुष हब बनाने की दिशा में हाल ही में आयुर्वेद क्षेत्र में काम कर रही केरल की आर्य वैद्यशाला के प्रतिनिधिमंडल ने हरिद्वार स्थित ऋषिकुल और गुरुकुल आयुर्वेद कॉलेज का दौरा किया और राज्य के साथ मिलकर आयुर्वेद पर शोध कार्यों के लिये विश्वविद्यालय के साथ एमओयू करने पर सहमति जताई।
- प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.), मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु, आयुष सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय के साथ बैठक कर आयुर्वेद को बढ़ावा देने के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की।
- राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को पंचकर्म, मर्म चिकित्सा को बढ़ावा देने और प्रचार-प्रसार को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही, दैनिक जीवन में सगंध पौध व जड़ी-बूटी के इस्तेमाल पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 179 से अधिक एरोमा और 200 से अधिक जड़ी-बूटी पाई जाती है।
- प्रतिनिधिमंडल में शामिल आर्य वैद्यशाला के सीईओ डॉ. जीसी गोपाला पिल्लई ने आयुर्वेद क्षेत्र से जुड़े 'वेलनेस' शब्द की जगह 'वेलबीइंग' का प्रयोग करने का सुझाव दिया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayush-village-of-100-bed-capacity-in-uttarakhand